दिनांक–04.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और महिला कल्याण पर खास जोर, एक्सप्रेसवे से खुलेंगे विकास के नए द्वार।
- राज्य में नए कानूनों के तहत पहले दो दिनों में ही 855 से ज्यादा एफआईआर की गई दर्ज।
- नर्मदापुरम जिले के मढ़ई को मॉडल सिल्क टूरिज्म स्पॉट के रूप में किया जाएगा विकसित।
- विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम आज प्रधानमंत्री से मिलेगी, शाम को मुंबई में होगा रोड शो।

बजट–प्रदेश

विधानसभा में डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश हो गया। विधानसभा में उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट प्रस्तुत किया। इस बार बजट 3 लाख 65 हजार 67 करोड़ रुपये का है, जो पिछले बजट से 16 फीसदी अधिक है। वित्त मंत्री देवड़ा ने अपने बजट भाषण में प्रदेश को तीन नए मेडिकल कॉलेज खोलने और पुलिस में 7 हजार 500 पदों पर भर्ती करने का ऐलान किया गया है। बजट में पेयजल व्यवस्था के लिए 10 हजार 279 करोड़ रुपये का प्रावधान हुआ।

बजट में शिक्षा के लिए 22 हजार 600 करोड़, स्वास्थ्य के लिए 21 हजार 144 करोड़, खेल के लिए 586 करोड़, वन और पर्यावरण के लिए 4 हजार 725 करोड़, संस्कृति विभाग के लिए 1 हजार 81 करोड़, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 4 हजार 900 करोड़, महिला स्व–सहायता समूहों को बड़े बाजारों से जोड़ने के लिए 800 करोड़ और पीएम आवास योजना के लिए 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद भविष्य निधि तुरंत मिलेगी। आगामी 5 साल में एक्सप्रेसवे नेटवर्क के माध्यम से अटल प्रगति पथ, नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेसवे, मालवा निर्माण एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड विकास पथ और मध्य भारत विकास पथ के कार्य किए जाएंगे।

नए कानून पर अमल–प्रदेष

प्रदेश में पुलिस नए कानूनों का सफल क्रियान्वयन कर रही है। यही वजह है कि नए कानून लागू होते ही पूरे प्रदेश में पहले दो दिनों में 855 एफआईआर दर्ज की गई है। खास बात यह है कि प्रदेश के सभी 11 जोन की सभी रेंज में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। पहले दिन सबसे अधिक एफआईआर भोपाल अर्बन में दर्ज की गई, जिसकी संख्या 35 है। दूसरे दिन उज्जैन जिले में सबसे अधिक एफआईआर दर्ज की गई, जिसकी संख्या कुल 29 है। यही नहीं, प्रदेश में दो दिन के भीतर 98 ई–एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

एफसीआई – गेहूं खरीद

भारतीय खाद्य निगम ने मौजूदा रबी मौसम के दौरान 266 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा है कि यह खरीद पिछले वर्ष के 262 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गई है। गेहूं की खरीद से 22 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद पर लगभग 61 लाख करोड़ रुपये इन किसानों के बैंक खातों में भेजे गए हैं। सरकार ने गेहूं के लिए दो हजार 275 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया था।

सूचना का अधिकार

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि सूचना के अधिकार आवेदन के लगभग शत–प्रतिशत निपटान के साथ लंबित मामलों में हर वर्ष कमी आ रही है। नई दिल्ली में कल केंद्रीय सूचना आयोग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह बात कही। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सूचना प्राप्ति के लंबित मामले 2019–20 के 35 हजार 718 से घटकर 2021–22 में 29 हजार 213 ,2023–24 में 23 हजार 87 और 2024–25 में 22 हजार 666 रह गए हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने सूचना संबंधी जानकारी देने के मामलों के तेजी से निस्तारण और जानकारी मुहैया कराना जारी रखने का निर्देश दिया।

आडवाणी–अपोलो

भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता लाल कृष्ण आडवाणी को कल शाम दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

किस्त वितरण–मुख्यमंत्री–टीकमगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रथम क़िस्त का वितरण कल किया जाएगा। मुख्यमंत्री टीकमगढ़ से प्रदेश भर के हितग्राहियों को प्रथम क़िस्त अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना एवं उज्जवला योजना के तहत गैस रिफिल अनुदान भी वितरित करेंगे। वहीँ, बैतूल जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके हितग्राहियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सिल्क टूरिज्म–नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के मढ़ई को एक मॉडल सिल्क टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कल मढ़ई रेशम उत्पादन केन्द्र, सारंगपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहॉ सिल्क टूरिज्म के लिये विकास की निहित सभी संभावनाओं का जायजा लिया और इसे सिल्क टूरिज्म के लिये एक अनुकूल स्थान पाया। उन्होंने कहा कि यहां शीघ्र ही सिल्क टूरिज्म प्रारंभ किया जाएगा। पर्यटकों की सुविधा के लिये जिन जरूरी सुविधाओं और निर्माण कार्यों की आवश्यकतानुसार विकास के कार्य कराये जाएंगे।

भारत क्रिकेट टीम

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम आज सुबह बारबाडोस से दिल्ली पहुंची। तूफान बेरिल के कारण भारतीय दल की रवानगी में देरी हुई थी। विजयी टीम के स्वागत के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है। भारतीय दल आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी उनके आवास पर मुलाकात करेगा। विजयी टीम आज शाम मुंबई में एक ओपन बस रोड शो में भी हिस्सा लेगी। विजय जुलूस शाम 5 से 7 बजे के बीच नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक निकाला जाएगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम में एक सम्मान समारोह होगा।

स्मार्ट सिटी मिशन

सरकार ने कहा है कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत देश में एक सौ शहरों में एक लाख 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कुल परियोजनाओं का 90 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि कुछ राज्यों और शहरों के प्रतिनिधियों ने शेष दस प्रतिशत परियोजनाएं पूरी करने के लिए कुछ और समय देने अनुरोध किया है। मंत्रालय ने इस पर गौर करते हुए परियोजनाएं पूर्ण करने के लिए मिशन की अवधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी है। 19 हजार 926 करोड़ रुपये की शेष 830 परियोजनाएं पूर्ण होने की ओर हैं। वर्ष 2015 में यह मिशन स्मार्ट समाधानों द्वारा विकसित बुनियादी ढांचे और स्वच्छ–सतत पर्यावरण प्रदान कर नागरिकों को बेहतर जीवन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था।

समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग तथा कार्पोरेट राज्यमंत्री हर्ष मलहोत्रा शनिवार को आगरमालवा जिले के दौरे पर रहेंगे।
- मुरैना में कलेक्टर ने कहा है कि जिले में खाद, बीज के नमूने अमानक होने पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।
- ग्वालियर जिले में दिव्यांगजनों का विवाह कराने के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित किए जायेंगे। साथ ही दिव्यांगजनों का डाटाबेस तैयार कर एक पुस्तिका प्रकाशित की जायेगी।
- बुरहानपुर में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले में खरीफ सीजन में अरहर की नई किस्मों का प्रदर्शन किसानों के खेतो पर आयोजित किया जा रहा है।
- सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में लोकपाल उमेश कुमार गुप्ता ने बैगा जनजाति पर अपने अनुभवों व उनके बीच जाकर किए गए कार्यों और अध्ययन के बारे में बताया।
- कटनी जिले में कल पारधी बाहुल्य ग्राम पंचायत हरदुआ मे आयोजित लोक कल्याण शिविर मे ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार की समस्याओं से संबंधित 78 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 23 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

- गुना में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर द्वारा पौधरोपण कर की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत बरसत की पहाड़ी पर 1100 पौधे लगाए गए।
- नीमच जिले के गांधी सागर जलाशय से सटे खिमला ब्लॉक में लगभग 12 हजार करोड लागत से ग्रीनको पॉवर जनरेशन प्रोजेक्ट का कार्य तेजी से जारी है।
- शिवपुरी जिले के विकासखण्ड पिछोर के ग्राम सुजावनी में महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने पहुंचकर एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया है।
- खंडवा जिले में मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज का आयोजन 27 जुलाई को किया जा रहा है। क्विज में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन 8 जुलाई तक किया जायेगा।

………………………………